## खबर संक्षेप

### गर्भवती भैंस की बेरहमी से हत्या

**बुढार।** थाना अंतर्गत ग्राम विक्रमपुर में इंसानियत को शर्मसार करने वाला एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक अज्ञात हमलावर ने एक निर्दोष गर्भवती भैंस की धारदार हथियार से वार कर नृशंस हत्या कर दी। इस क्रूर घटना से न केवल एक मूक पशु की जान गई, बल्कि एक गरीब किसान की जीविका पर भी वज्रपात हुआ है।
पीड़ित पशुपालक लल्लू लाल साहू ने बताया कि उनकी 7 वर्षीय भैंस, जो एक माह बाद बच्चा देने वाली थी, 6 दिसंबर को चरने गई थी लेकिन वापस नहीं लौटी। काफी खोजबीन के बाद 8 दिसंबर को भैंस का शव रामू त्रिपाठी के खेत में क्षत-विक्षत हालत में मिला। भैंस के शरीर पर टंगी (कुल्हाड़ी) या किसी भारी वस्तु से हमले के गहरे निशान थे और मौके पर काफी खून फैला हुआ था, जो इस बात का प्रमाण है कि उसे तड़पा-तड़पा कर मारा गया है। पीड़ित ने गांव के ही एक युवक शिवम उर्फ गप्पू यादव पर हत्या का संदेह व्यक्त करते हुए थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। इस जघन्य अपराध से किसान को लगभग 80,000 रुपये की आर्थिक क्षति हुई है। लल्लू लाल साहू ने पुलिस प्रशासन से गुहार लगाई है।

### शहडोल में कच्चे बिल का बड़ा खेल

# गुप्ता ट्रेडर्स और ठेकेदार की जुगलबंदी ने लगाया लाखों का चूना

**शहडोल।** संभागीय मुख्यालय में व्यापार के नाम पर कर चोरी और धोखाधड़ी का एक ऐसा सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसने बाजार की साख पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। न्यू बस स्टैंड स्थित गुप्ता ट्रेडर्स के संचालक राकेश गुप्ता और ठेकेदार शिवरतन साहू पर एक महिला फरियादी ने सांठ-गांठ कर लाखों रुपये की धोखाधड़ी और सरकार को चूना लगाने के गंभीर आरोप लगाए हैं। इस मामले में पुलिस अधीक्षक को सौंपे गए शिकायती पत्र ने शहर के टैक्स चोरों में हड़कंप मचा दिया है।




### विश्वास की आड़ में रचा गया हड़प नीति का जाल

मामला वार्ड नंबर 12/17 निवासी श्रीमती सरोज सिंह के मकान निर्माण से जुड़ा है। फरियादी ने बताया कि ग्राम पटासी निवासी ठेकेदार शिवरतन साहू ने अपने ही गांव का होने का फायदा उठाकर उन्हें विश्वास में लिया कि न्यू बस स्टैंड स्थित राकेश गुप्ता (गुप्ता ट्रेडर्स) की दुकान से सामान लेने पर उन्हें वाजिब दाम और किश्तों की सुविधा मिलेगी, लेकिन किसे पता था कि यह सहूलियत एक सोची-समझी साजिश का हिस्सा थी।

### कच्ची रसीदों से टैक्स की डकैती

दस्तावेजों के अनुसार, गुप्ता ट्रेडर्स का संचालक धड़ल्ले से कच्चे बिलों पर लोहे, सीमेंट और सरिया का लाखों का व्यापार कर रहा है। बिना टिन नंबर और बिना पक्के बिल के सामान बेचकर सरकार के राजस्व को सीधे तौर पर चपत लगाई जा रही है। जब फरियादी के पति यज्ञनारायण सिंह ने पक्के बिल की मांग की, तो आरोपी संचालक ने साफ इनकार करते हुए कह दिया कि वह किसी को पक्का बिल नहीं देता और जो करना हो कर लो।

### इंजीनियर के स्टीमेट को ठेंगा

साजिश की पराकाष्ठा तो तब देखने को मिली जब मकान निर्माण के एस्टीमेट से कहीं अधिक का फर्जी बिल थमा दिया गया। जहां इंजीनियर ने 220 बैग सीमेंट का स्टीमेट दिया था, वहीं 300 बैग का कच्चा बिल बनाकर राशि वसूल ली गई। 28 क्विंटल सरिया की जगह 42 क्विंटल का बिल थमाया गया। बीम और पिलर में 12 एमएम की रॉड के पैसे लेकर 10 एमएम की घटिया रॉड लगा दी गई, जिससे मकान की मजबूती पर भी खतरा मंडरा रहा है।

### फरियादी का पैसा, ठेकेदार का बंगला

शिकायत में एक चौंकाने वाला आरोप यह भी है कि ठेकेदार शिवरतन साहू ने फरियादी के हिस्से का लोहा और सीमेंट चोरी कर अपने गांव पटासी में 20 लाख रुपये की लागत से आलीशान मकान खड़ा कर लिया है। आरोप है कि ठेकेदार और व्यापारी ने मिलकर फरियादी के 1,28,000 रुपये अवैध रूप से हड़प लिए हैं।

### सिस्टम की सुस्ती पर सवाल

हैरानी की बात यह है कि इस गंभीर धोखाधड़ी की शिकायत फरियादी द्वारा 04 अक्टूबर 2023 और पुनः 11 जनवरी 2024 को सोहागपुर थाने और वरिष्ठ अधिकारियों को की गई थी, लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी कच्चे बिल के इन खिलाड़ियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाते हुए अपनी राशि वापस दिलाने और कर चोरों को जेल भेजने की मांग की है। अगर शहर के बीचों-बीच बिना पक्के बिल के लाखों का कारोबार हो रहा है, तो संबंधित विभाग की खामोशी संदेह पैदा करती है।

# समाजसेवी ने पेश की मानवता की मिसाल, बेसहारा वृद्ध को पहुंचाया आश्रम



**शहडोल।** इंसानियत अभी जिंदा है, इस बात को शहडोल के एक युवा समाजसेवी ने सच कर दिखाया है। जिले के वार्ड क्रमांक 5 के निवासी मोहम्मद यासीन खान ने एक बार फिर अपनी तत्परता से एक वृद्ध की जान बचाकर उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया है। मंगलवार को आकाशवाणी केंद्र के समीप एक वृद्ध व्यक्ति सडक़ किनारे बेहोशी की हालत में पड़ा मिला। स्थानीय लोगों से सूचना मिलते ही समाजसेवी मोहम्मद यासीन खान बिना देर किए मौके पर पहुंचे। बताया जा रहा है कि वृद्ध सुबह से ही वहां असहाय स्थिति में पड़ा हुआ था और उसकी हालत चिंताजनक थी।

### पुलिस और समाजसेवी के साझा प्रयास से मिली मदद

यासीन खान ने तुरंत स्थिति को संभाला और वृद्ध को प्राथमिक उपचार व भोजन की व्यवस्था कराई। इसके बाद उन्होंने तत्काल सोहागपुर थाने को सूचित किया। मौके पर पहुंचे् रस्द्ध जगत मणि की सक्रियता और यासीन खान के साझा प्रयासों से वृद्ध को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। जब मुझे सूचना मिली कि कोई बुजुर्ग इस हाल में पड़ा है, तो मेरा पहला कर्तव्य उन्हें सुरक्षित करना था। पुलिस प्रशासन के सहयोग से अब वे वृद्ध सुरक्षित आश्रम में हैं।

### प्रशासन और जनता ने की सराहना

बेसहारा वृद्ध को उचित उपचार दिलाने के बाद उन्हें सुरक्षित आश्रम भेज दिया गया है। मोहम्मद यासीन खान के इस निस्वार्थ कार्य की शहर में चारों ओर प्रशंसा हो रही है। लोगों का कहना है कि ऐसे सजग नागरिकों की वजह से ही समाज में आपसी भाईचारा और मानवता की मिसालें कायम हैं।

# 35 जिन प्रतिमाओं के आगमन से भक्तिमय हुआ नगर





**बुढार।**

नगर के इतिहास में 18 फरवरी की तिथि श्रद्धा और उल्लास के अक्षरों में दर्ज हो गई। जैन अनुयायियों की लंबी प्रतीक्षा और अटूट आस्था को तब नया विस्तार मिला, जब 16वें तीर्थंकर 1008 श्री शांतिनाथ भगवान सहित कुल 35 जिन प्रतिमाओं का नगर की सीमाओं में भव्य मंगल प्रवेश हुआ।

### भक्ति और वैभव की अद्भुत संगमः विशाल शोभायात्रा

कॉलेज तिराहा स्थित श्री वासुपूज्य जिनालय से प्रारंभ हुई इस शोभायात्रा का दृश्य किसी दिव्य उत्सव सा प्रतीत हो रहा था। एक साथ 35 सुसज्जित रथों (वाहनों) पर सवार होकर जब श्रीजी नगर भ्रमण पर निकले, तो पूरा बुढार जय जिनेंद्र के उद्घोष से गूंज उठा। यह नगर के इतिहास में पहला अवसर था जब इतनी विशाल संख्या में प्रतिमाओं की शोभायात्रा निकाली गई। कॉलेज तिराहा से शुरू होकर यह यात्रा हॉस्पिटल रोड, मुरलिया बैग, नगर पंचायत चौक, रेलवे ब्रिज और अमलाई चौक से होती हुई दीनदयाल चौक पहुंची। मुख्य मार्ग से होते हुए श्री पार्श्वनाथ प्राचीन बड़ा जैन मंदिर (महावीर मार्ग) के रास्ते यह भव्य जुलूस नवनिर्मित जिनालय में जाकर संपन्न हुआ।

### दुल्हन की तरह सजा नगर, घर-घर हुई आरती

पूरे शोभायात्रा मार्ग को तोरण द्वारों और आकर्षक रंगोलियों से सजाया गया था। नगरवासियों ने पलक-पावड़े बिछाकर भगवान का स्वागत किया। भक्तों ने अपने घरों के सामने श्रीजी की आरती उतारी, पुष्प वर्षा की और खुशी में फल व मिठाइयां वितरित कीं। इस भव्य आगमन के साथ ही आगामी 25 फरवरी से 2 मार्च 2026 तक आयोजित होने वाले प्राण प्रतिष्ठा (पंचकल्याणक) महोत्सव की सरगर्मियां तेज हो गई हैं। आगामी 22 फरवरी तक मुनि श्री 108 प्रमाण सागर जी महाराज ससंघ सानिध्य प्रदान करने के लिए बुढार पहुंचेंगे। वर्तमान में समाज के युवा और बुजुर्ग युद्ध स्तर पर आयोजन की तैयारियों में जुटे हुए हैं ताकि यह महोत्सव बुढार के धार्मिक इतिहास में मील का पत्थर साबित हो।

# बजट नहीं, जनता के साथ विश्वासघात का दस्तावेज़ः अंकित

### भाजपा ने जलेबी की तरह घुमाई बातें, चुनावी वादे बजट से नदारद



**बुढार।** मध्यप्रदेश विधानसभा में पेश किए गए वर्ष 2026-27 के बजट को ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अंकित सिंह ने प्रदेश की जनता के साथ क्रूर मजाक और विश्वासघात करार दिया है। बुधवार को जारी एक कड़े बयान में अंकित सिंह ने सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि वित्त मंत्री का बजट भाषण केवल शब्दों की बाजीगरी और बातों की जलेबी बनकर रह गया है, जिसमें आम जनता के बुनियादी मुद्दे पूरी तरह गायब हैं।

**कहां गए मोदी की गारंटी वाले वादे**

अंकित सिंह ने आक्रामक रुख अपनाते हुए सवाल दागा कि 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने जो गारंटियां दी थीं, वे ढाई साल बीत जाने के बाद भी बजट से नदारद क्यों हैं, उन्होंने सरकार को उन प्रमुख वादों की याद दिलाई जिन्हें इस बजट में जगह नहीं मिली, धान का समर्थन मूल्यः वादा 3100 का था, लेकिन किसान आज भी ठगा महसूस कर रहा है। गेहूं का दामः 2700 रुपये प्रति क्विंटल का वादा केवल कागजों तक सीमित रहा। लाड़ली बहना योजनाः बहनों को 3000 रुपये प्रति माह देने का वादा जुमला साबित हुआ। सस्ता सिलेंडरः 450 रुपये में घरेलू गैस सिलेंडर की घोषणा पर सरकार मौन साध गई है।

**आमजन विरोधी और वादाखिलाफी वाली सरकार**

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ने सीधे तौर पर भाजपा सरकार की नीयत पर सवाल उठाते हुए कहा कि वादाखिलाफी इस सरकार के स्वभाव में शामिल हो चुकी है। उन्होंने कहा यह बजट स्पष्ट करता है कि सरकार जनविरोधी है। वित्त मंत्री ने यह बताने की जहमत तक नहीं उठाई कि पिछले बजट की घोषणाएं अधूरी क्यों रहीं और केंद्र से मिलने वाली करों की हिस्सेदारी में जो करोड़ रुपये की भारी कटौती हुई है, उसकी भरपाई कैसे होगी?

**जनता में भारी निराशा का माहौल**

अंकित सिंह ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि इस दिशाहीन बजट से प्रदेश के युवाओं, किसानों और नारी शक्ति में भारी आक्रोश और निराशा व्याप्त है। उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार का इंजन अब केवल खोखली घोषणाओं के धुआं छोड़ रहा है, धरातल पर विकास शून्य है।

## मेंटल हेल्थ काउंसलर ने सिखाया डिप्रेशन को धोना



**शहडोल।** किताबों के बोझ और करियर की भागदौड़ के बीच घुट रहे विद्यार्थियों को मानसिक आजादी दिलाने के लिए पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय के मत्स्य विज्ञान विभाग ने बड़ा मोर्चा खोला है। यूजीसी और उच्च शिक्षा विभाग के सख्त निर्देशों के बाद, विश्वविद्यालय की मेंटल हेल्थ काउंसलर सुश्री रागनी लांबा ने एक विशेष सर्जिकल स्ट्राइक सत्र आयोजित कर स्ट्रेस और डिप्रेशन की धज्जियां उड़ा दीं।

काउंसलर रागनी लांबा ने दो टूक कहा कि अगर दिमाग संतुलित नहीं है, तो डिग्री महज रद्दी का टुकड़ा है। उन्होंने विद्यार्थियों और शिक्षकों को माइंडफुलनेस मेडिटेशन और श्वास-प्रश्वास की उन बारीकियों से रूबरू कराया, जो दिमाग के जाले साफ कर एकाग्रता को रॉकेट की रफ्तार देती हैं।

सत्र में केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि टाइम मैनेजमेंट का वह कड़ा पाठ पढ़ाया गया जो आलस और टालमटोल की बीमारी को जड़ से खत्म करता है। विभाग में अब पॉजिटिविटी का ऐसा माहौल तैयार किया जा रहा है जहां तनाव के लिए कोई जगह नहीं होगी। इस हाई-वोल्टेज ट्रेनिंग के बाद अब विद्यार्थियों के चेहरे पर परीक्षा का खौफ नहीं, बल्कि जीत का आत्मविश्वास नजर आ रहा है।

# देश भर के जाने माने चिकित्सा विशेषज्ञों का शहडोल में होगा जमावड़ा



**शहडोल।** आगामी मार्च महीने में आयोजित होने वाले रोटरी राहत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में देश के जाने-माने संस्थाओं के चिकित्सा विशेषज्ञों का जमावड़ा होगा। रोटरी क्लब शहडोल, मण्डला मैकल एवं जबलपुर, राजकृष्ण तन्खा फाउंडेशन, चिरायु मेडिकल कॉलेज व हॉस्पिटल व स्वास्थ्य विभाग मप्र शासन द्वारा 13, 14 व 15 मार्च को शहडोल के पॉलिटेक्निकल ग्राउंड में आयोजित इस शिविर में प्रसिद्ध चिकित्सक आएंगे। आयोजक संस्था के पदाधिकारियों के अनुसार शिविर में मुंबई के लीलावती तथा बाम्बे हास्पिटल, मेदांता मेडिसिटी गुरुग्राम, मनिपाल हास्पिटल दिल्ली, चिरायु अस्पताल भोपाल, जबलपुर रिसर्च सेंटर, आपोलो जबलपुर के साथ जिला चिकित्सालय शहडोल व मेडिकल कॉलेज के विषय विशेषज्ञ चिकित्सक अपने सेवाएं देंगे। राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा के प्रयासों से शहडोल संभाग में दूसरी बार आयोजित हो रहे शिविर में आधुनिक तकनीकों द्वारा रोगों का इलाज व आपरेशन निःशुल्क रूप से किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार शिविर में हृदय रोग, कैंसर, बांझपन का परीक्षण, हड्डी, बच्चेदानी, प्लास्टिक सर्जरी, न्यूरो सर्जरी, कटे फटे होंठ, नाक कान गला, मोतियांबद व आंख के अन्य रोग, लेप्रोस्कोपिक पद्धति से पथरी एवं पेट, हार्निया, दांतों का इलाज के साथ नशा मुक्ति के सलाह दिए जाएंगे। शिविर स्थल पर ही डिजिटल एक्सरे, सोनोग्राफी, ईको, ईसीजी, आंख की जांच, डायबिटीज की जांच, फेफड़ों की कार्यक्षमता का परीक्षण किया जाएगा। शिविर की तैयारियां जोर शोर से की जा रही हैं। प्रशासनिक स्तर पर भी तैयारियों को लेकर बैठकों का दौर शुरु हो चुका है। शिविर को लेकर स्थानीय संस्थाओं एवं चिकित्सा संस्थाओं जैसे आदित्य वर्धन, अमृता, श्रीराम हास्पिटल आदि का सहयोग मिल रहा है।

# ओवर लोडिंग और अवैध परिवहन में 2 हाईवा और ट्रैक्टर जब्त



**शहडोल।** जिले में खनिज संपदा की सरेआम लूट मचाने वाले रेत माफियाओं के खिलाफ कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के निर्देश पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है। खनिज और राजस्व विभाग के संयुक्त अमले ने ब्यौहारी और जयसिंहनगर क्षेत्र में छापामार कार्रवाई करते हुए रेत के अवैध कारोबार की कमर तोड़ दी है। इस बड़ी कार्रवाई से खनन माफियाओं में हडक़ंप मच गया है। जिला खनिज अधिकारी राहुल शांडिल्य के नेतृत्व में टीम ने सीधी थाना क्षेत्र में दो हाईवा ट्रकों को धर दबोचा। ये वाहन छत्तीसगढ़ की खदानों से लाई गई रेत का परिवहन कर रहे थे। जांच में सफेदपोशों की चालाकी पकड़ में आई, कागजों पर 14 और 24 घन मीटर की मामूली रॉयल्टी रसीदें थीं, लेकिन ट्रकों में रेत क्षमता से कहीं ज्यादा लदी हुई थी। रॉयल्टी के नाम पर सरकारी राजस्व को चूना लगाने के जुर्म में दोनों हाईवा को जब्त कर सीधी थाने के सुपुर्द कर दिया गया है।

**ब्यौहारी में बिना रॉयल्टी दौड़ता ट्रैक्टर दबोचा**

कार्रवाई का सिलसिला यहीं नहीं रुका। ब्यौहारी के ग्राम मऊ में खनिज निरीक्षक अभिषेक पटले की टीम ने बिना किसी वैध दस्तावेज और रॉयल्टी के रेत ढोते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को रंगे हाथों पकड़ा। प्रशासन ने ट्रैक्टर को तत्काल जब्त कर तहसील परिसर में खड़ा करवा दिया है। चाहे बाहरी प्रदेश की रेत हो या स्थानीय अवैध खनन, नियम तोडऩे वालों के खिलाफ अब सीधी जेल और भारी जुर्माने का रास्ता खुला है।

# कचरा प्लांट पर फैली गंदगी देख भड़की सीएमओ

### लापरवाह ठेकेदार को नोटिस

**शहडोल।** शहर को स्वच्छ बनाने का दावा करने वाले ठेकेदारों और सुस्त कार्यप्रणाली पर नगर पालिका सीएमओ श्रीमती आशा भंडारी ने कड़ा प्रहार किया है। जमुआ और कोटमा स्थित कचरा प्रसंस्करण केंद्रों के औचक निरीक्षण के दौरान अव्यवस्थाओं का अंबार देख सीएमओ का पारा चढ़ गया। उन्होंने मौके पर ही संबंधित ठेकेदार को आड़े हाथों लेते हुए तत्काल कारण बताओ नोटिस जारी करने के फरमान सुना दिए हैं।



### कचरे का पहाड़ नहीं, वैज्ञानिक समाधान चाहिए

निरीक्षण के दौरान डंपिंग ग्राउंड पर कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण न होना और फैली अव्यवस्था मुख्य नगर पालिका अधिकारी को नागवार गुजरी। उन्होंने दो टूक शब्दों में निर्देश दिए कि आधुनिक मशीनों के जरिए कचरे की छंटाई में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्लास्टिक, धातु और रिसाइकिल होने वाले सामान को अलग कर तत्काल अधिकृत इकाइयों को भेजा जाए। जो अवशेष बचते हैं, उनका निपटान पूरी तरह सुरक्षित और वैज्ञानिक पद्धति से हो, ताकि पर्यावरण को क्षति न पहुंचे।

### निर्माण कार्यों में देरी पर अल्टीमेटम

कचरा प्लांट के बाद सीएमओ का काफिला न्यू बस स्टैंड और अमृत 2.0 योजना के तहत पुरानी बस्ती व जिला चिकित्सालय के पास निर्माणाधीन पानी टंकियों तक पहुंचा। यहां चल रहे कार्यों की कछुआ चाल और गुणवत्ता को लेकर उन्होंने इंजीनियरों और निर्माण एजेंसी को सख्त हिदायत दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि समय-सीमा के भीतर काम पूरा न होने पर संबंधितों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### घर से ही करें कचरे का बंटवारा

सीएमओ ने नगरवासियों से भी सीधा संवाद करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है। उन्होंने अपील की कि घरों से ही गीला और सूखा कचरा अलग-अलग करके सफाई मित्रों को दें, ताकि शहर में पुराने कचरे के ढेर जैसी विकराल स्थिति दोबारा पैदा न हो। निरीक्षण के दौरान नपा के पुनीत त्रिपाठी, शरद द्विवेदी, मोतीलाल सिंह, अनिल महोबिया एवं हरिओम तोमर जैसे आला अधिकारी मौजूद रहे, जिन्हें फील्ड पर मुस्तैद रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### मध्य प्रदेश सरकार द्वारा पेश किए गए बजट ने शहडोल की उम्मीदों पर पानी फेर दिया

# तमाशबीन बने रहे भाजपा जनप्रतिनिधि, युवाओं के हाथ लगी सिर्फ निराशाः अवस्थी

**शहडोल।** मध्य प्रदेश सरकार द्वारा पेश किए गए बजट ने शहडोल की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय अवस्थी ने बजट को कागजी पुलिंदा करार देते हुए प्रदेश सरकार और स्थानीय भाजपा नेताओं पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने दो टूक कहा कि मुख्यमंत्री के शहडोल दौरों के दौरान की गई बड़ी-बड़ी घोषणाएं बजट की फाइलों में कहीं गुम हो गई हैं, और जिले के भाजपा जनप्रतिनिधि केवल मूकदर्शक बनकर तमाशा देख रहे हैं।

### घोषणावीर सरकार, धरातल पर शून्य

अजय अवस्थी ने तंज कसते हुए कहा कि आदिवासी बाहुल्य शहडोल को विकास की मुख्यधारा से काटकर दरकिनार कर दिया गया है। बजट में न तो किसी नए उद्योग का ठोस रोडमैप है और न ही स्थानीय युवाओं के रोजगार के लिए कोई वित्तीय प्रावधान।



उन्होंने आरोप लगाया कि बिना बजट के उद्योग लगाने की बातें करना जनता की आँखों में धूल झोंकने जैसा है। यह बजट केवल आंकड़ों की बाजीगरी और विज्ञापनों का मायाजाल है। शहडोल के हितों की रक्षा करने में सत्ताधारी दल के नेता पूरी तरह विफल साबित हुए हैं।

### युवाओं और किसानों के साथ भद्दा मजाक

कांग्रेस का आरोप है कि यह बजट प्रदेश के युवाओं, किसानों और मजदूरों की अपेक्षाओं के साथ एक भद्दा मजाक है। जिला मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला के माध्यम से जारी बयान में कहा गया कि शहडोल जैसे पिछड़े जिले के लिए किसी विशेष पैकेज या योजना का आभाव सरकार की असंवेदनशीलता को उजागर करता है। विकास के नाम पर केवल ढोल पीटा जा रहा है, जबकि बुनियादी समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं।

### सडक़ों पर उतरेगी कांग्रेस

जिलाध्यक्ष ने चेतावनी दी है कि इस दिशाहीन और जनविरोधी बजट के खिलाफ कांग्रेस पार्टी हर स्तर पर लोकतांत्रिक तरीके से विरोध दर्ज कराएगी। उन्होंने साफ किया कि सरकार को इस खोखले बजट का जवाब जनता के बीच देना ही होगा। जनता देख रही है कि कैसे विकास के नाम पर उन्हें छला जा रहा है।

### लापरवाही की तो नपेंगे मैदानी अफसरः डीपीओ

शहडोल। जिले से कुपोषण के कलंक को मिटाने के लिए अब विभाग सॉफ्ट रुख छोड़कर एक्शन मोड में आ गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अखिलेश मिश्रा ने जनपद पंचायत सोहागपुर के सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान मैदानी अमले की जमकर क्लास ली। उन्होंने दोटूक शब्दों में चेतावनी दी कि यदि योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही मिली या लक्ष्य की पूर्ति में लाचारी दिखाई गई, तो संबंधितों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई तय है। समीक्षा बैठक के दौरान डीपीओ श्री मिश्रा ने पर्यवेक्षकों और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को आड़े हाथों लिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सरकारी योजनाओं का लाभ केवल फाइलों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि हर पात्र हितग्राही की दहलीज तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों की घटती संख्या चिंता का विषय है। कार्यकर्ता घर-घर जाकर अभिभावकों से संपर्क करें और केंद्रों में बच्चों की उपस्थिति शत-प्रतिशत सुनिश्चित करें।
कुपोषण मुक्त शहडोल का संकल्प दोहराते हुए डीपीओ ने कहा कि गर्भवती और धात्री माताओं का समय पर पंजीयन और टीकाकरण प्राथमिकता होनी चाहिए। विशेषकर हाई रिस्क गर्भवती माताओं की मॉनिटरिंग में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रसव के 50 दिन पहले से ही कार्यकर्ताओं को सक्रिय रहकर संस्थागत प्रसव (अस्पताल में डिलीवरी) सुनिश्चित करानी होगी, ताकि जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित रहें।
बैठक में पोषण ट्रैकर एप और पोर्टल पर नियमित एंट्री न होने पर भी नाराजगी जताई गई। श्री मिश्रा ने सख्त लहजे में कहा कि आंगनवाड़ी केंद्रों का संचालन निर्धारित समय पर हो और बच्चों को मिलने वाला नाश्ता व भोजन मीनू के अनुसार ही वितरित किया जाए। पोषण आहार वितरण में पारदर्शिता और समयबद्धता अनिवार्य है। इस हाई-वोल्टेज बैठक ने यह साफ कर दिया है कि जिले में अब सरकारी योजनाओं के नाम पर खानापूर्ति बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में परियोजना पर्यवेक्षक सहित सोहागपुर की समस्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

## खबर संक्षेप

### आज से कन्या शिक्षा परिसर में प्रशिक्षण

**उमरिया।** सहायक आयुक्त जन जातीय कार्य विभाग डॉ. पूजा द्विवेदी ने बताया कि वन अधिनियम 2006 के प्रावधान सामुदायिक वन अधिकारों तथा धारा 3(1) ( प ) में उल्लेखित सामुदायिक वन संसाधन के संरक्षण एवं प्रबंधन के अधिकारो को मान्यता दिये जाने विषय पर माह फरवरी 2026 में प्रदेश के जिलो में अधिनियम के क्रियान्यवन में संलग्न शासकीय एवं अशासकीय सदस्यो के कैपीसिटी बिलंडिग ट्रेनिंग प्रशिक्षण राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर द्वारा उमरिया जिले के शासकीय माता शबरी कन्या शिक्षा परिसर डबरौहा के सभाकक्ष में 19 फरवरी से 20 फरवरी को प्रातः 10 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित किया जा रहा है।

### अवैध रेत परिवहन पर रामनगर पुलिस की कार्यवाही



**हरिभूमि न्यूज राजनगर।** थाना रामनगर पुलिस ने अवैध रेत खनन एवं परिवहन के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जप्त की है। 18 फरवरी को प्रातः विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि जमुड़ी घाट, केवई नदी क्षेत्र में एक ट्रैक्टर-ट्रॉली द्वारा अवैध रेत का उत्खनन करते आधा भरा पाया गया है। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुँची, जहाँ एक स्वराज ट्रैक्टर-ट्रॉली अनुमानित कीमत 5,01,000 पाई गई। चालक के विरुद्ध अपराध क्रमांक 47/2026, धारा 303(2), 317(5) बीएनएस तथा 4/21 खान एवं खनिज अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी उप निरीक्षक सुमित कौशिक के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक 31 निरंजन खलखो, आरक्षक अनुराग भार्गव एवं आरक्षक अनुराग भार्गव, भानुप्रताप का सराहनीय योगदान रहा।

### 18 किलो गांजा किया जब्त, तस्कर गिरफ्तार

**कटनी।** ट्रेन से गांजा की तस्करी कर रहे एक तस्कर को आरपीएफ ने गिरफ्तार किया है। आरोपित के पास से लगभग 18 किलो गांजा बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार मुखबिरों ने आरपीएफ को ट्रेन से गांजा तस्करी होने की सूचना दी। सूचना को आरपीएफ ने गंभीरता से लिया और कटनी जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर 5 की ओर गांजा की खेप के साथ सतना जिले के बिरसिंहपुर क्षेत्र निवासी राम गोपाल वर्मा नामक युवक को हिरासत में लिया। आरपीएफ सिर्फ रेल अधिनियम के तहत कार्रवाई कर सकती है इसलिए उसने इसकी सूचना जिला पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया के दिशा निर्देश और नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में कोतवाली प्रभारी राखी पांडे और खिरहनी पुलिस चौकी प्रभारी किशोर कुमार द्विवेदी अपनी टीम के साथ सक्रिय हुए और आरपीएफ से पूरा मामला अपने अधिकार में लेकर आरोपी के विरुद्ध नारकोटिक्स एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### बदमाशों ने जेवरात सहित नकदी किया पार

**कटनी।** जिले में सक्रिय बदमाश आये दिन वारदातों को अंजाम दे रही है। घरों के नकदी एवं जेवरात पार हो रहे हैं, मोटर साइकिल चोरी जा रही है। वारदातों को रोकने एवं बदमाशों को पकड़ने में पुलिस नाकाम साबित हो रही। रात्रि गश्त पर ही सवाल उठ रहे हैं। अलग अलग थाना क्षेत्रों में चोरों ने चोरी की वारदातों को अंजाम देते हुए लाखों की सामग्री पार कर दी। जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना अंतर्गत रचना नगर में सूने मकान में घुसे चोरो ने गहने और नकदी चोरी कर लिया। प्रार्थी मोहित सिंह ने अपनी शिकायत में बताया कि अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर 70,000 रुपये के सोने-चांदी के आभूषण और 25,000 रुपये नकद चोरी कर लिए।

### कलेक्टर ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

# परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्ण ढंग से संचालित हुई परीक्षा





**उमरिया।**

जिले में हायर सेकेण्डरी की रसायन शास्त्र,इतिहास, व्यवसाय अध्ययन, लाइफ साईंस एंड मेथेमेटिक्स यूजफुल फार एग्रीकल्चर, ड्राइंग एंड पेटिंग , गृह प्रबंध पोषण एवं वस्त्र विज्ञान की परीक्षा संपन्न हुई ।

कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने करकेली विकासखंड के ग्राम लोरहा स्थित पीएमश्री शासकीय उमावि , जिला मुख्यालय उमरिया स्थित पीएम श्री बालक कॉलरी स्कूल तथा शासकीय सज्जन उत्कृष्ट विद्यालय उमरिया में आयोजित हायर सेकेण्डरी की परीक्षा का औचक निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान कुछ कमरों में रोशनी का अभाव पाया गया जिस पर पर कलेक्टर ने पर्याप्त मात्रा में रोशनी की उपलब्धता हेतु प्रकाश व्यवस्था करने के निर्देश परीक्षा प्रभारियों को दिए। साथ ही परीक्षा केंद्रों में पेयजल व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए गए । निरीक्षण के दौरान शासकीय सज्जन उत्कृष्ट विद्यालय में 308 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी , वहीं पीएम श्री बालक कालरी स्कूल में 300 में से 299 ने परीक्षा दी, परीक्षा में एक छात्र अनुपस्थित रहा। निरीक्षण के दौरान परीक्षाएं शांतिपूर्ण ढंग से संचालित होना पाया गया।

## ई-विकास प्रणाली में पंजीयन, सत्यापन अनिवार्य

**उमरिया।**

उप संचालक कृषि संग्राम सिंह ने बताया कि उर्वरक (खाद) खरीदी हेतु पंजीयन करने की विधि मध्यप्रदेश में किसानों को सब्सिडी वाली खाद (यूरिया, डीएपी आदि) खरीदने के लिये ई-विकास प्रणाली में पंजीयन /सत्यापन कराना होता है। यह प्रणाली म.प्र. किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा संचालित है।

उन्होने बताया कि आवश्यक दस्तावेज में आधार कार्ड (मोबाईल नंबर लिंक होना बेहतरं) समग्र आईडी, आदि उपलब्ध भू-अधिकार/खसरा खतौनी की प्रति, मोबाईल नम्बर होना अनिवार्य है । पंजीयन के लिए किसी भी नजदीकी केन्द्र पर जाये और अपने ग्राम/तहसील के कृषि सेवा केन्द्र/अधिकृत खाद विक्रेता/लोक सेवा केन्द्र पर जाये। कई स्थानों पर सहकारी समिति के माध्यम से भी पंजीयन होता है। आधार सत्यापन के लिए आधार नम्बर दें, बायोमेट्रिक, (फिंगरप्रिंट) या ओटीपी के माध्यम से सत्यापन किया जाता है।

खसरा नम्बर के आधार पर भूमि की जानकारी दर्ज की जाती है प्रणाली के अनुसार आपके रकबे के हिसाब से खाद की प्रात्रता तय होती है। सफल सत्यापन के बाद आपका नाम ई-विकासश्प्र है आप निर्धारित मात्रा में खाद खरीद सकते है। खाद खरीदते समय आधार कार्ड साथ लावे/ रखें बायो मैट्रिक सत्यापन के बाद वितरण दर्ज होता है रसीद आवश्य लें।

### गेहूं उपार्जन हेतु फसल गिरदावरी का कार्य शीघ्र कराएंः कलेक्टर

**उमरिया।** शासन के निर्देशनुसार रबी विपणन वर्ष 2026-27 मे समर्थन मूल्य पर गेहू उपार्जन हेतु किसानों के पंजीयन का कार्य प्रारंभ है। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि उमरिया जिले में गेहूं उपार्जन के लिए सहकारी समितियों के 35 गेहूं पंजीयन केन्द्रों पर किसानों का पंजीयन किया जा रहा है । जिले में 17 फरवरी कि स्थिति तक 49 प्रतिशत गिरदावरी का कार्य पूर्ण हुआ है। उन्होने अधीक्षक भूमि अभिलेख, तहसीलदार समस्त से कहा है कि ई उपार्जन परियोजना अंतर्गत समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु जिले में फसल गिरदावरी का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण करें ताकि शासन की समयावधि में गेहूं विक्रय के इच्छुक किसानो के गेहूं पंजीयन का कार्य सुचारू रूप से कराया जा सके।

# दो पंचायत सचिव तत्काल प्रभाव से निलंबित

**उमरिया।**

सरकारी योजनाओं में पलीता लगाने और मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं को ठेंगे पर रखने वाले लापरवाह अधिकारियों के विरुद्ध जिला प्रशासन ने अब सर्जिकल स्ट्राइक शुरू कर दी है। जिला पंचायत ष्टश्वह्र अभय सिंह ने कड़ा रुख अपनाते हुए जनपद पंचायत मानपुर के दो पंचायत सचिवों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। शासन की इस सख्त कार्रवाई से जिले के प्रशासनिक गलियारों में हडक़ंप मच गया है।

### इन पर गिरी निलंबन की बिजली

निलंबन की कार्रवाई की जद में इतुआ प्रसाद यादव पंचायत सचिव, ग्राम पंचायत पिपरिया और लल्लाराम प्रजापति पंचायत सचिव, ग्राम पंचायत मुंगवानी आए हैं। इन दोनों ही सचिवों पर कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही, स्वेच्छाचारिता और वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करने के गंभीर आरोप सिद्ध पाए गए हैं।

### सीएम हेल्पलाइन को समझा मजाक

सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन मध्यप्रदेश शासन का एक अत्यंत पारदर्शी और प्राथमिकता वाला कार्यक्रम है, लेकिन इन सचिवों ने इसे मजाक बना रखा था। दोनों पंचायतों में 23 शिकायतें एक महीने से अधिक समय से लंबित थीं। जनपद सीईओ मानपुर के बार-बार टोकने और लिखित पत्रों के बावजूद सचिवों के कान पर जूं तक नहीं रेंगी। हैरानी की बात यह है कि 12 फरवरी 2026 को हुई समीक्षा बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि शिकायतकर्ताओं से संपर्क कर उनकी संतुष्टि के साथ शिकायतें बंद कराई जाएं, लेकिन इन हठधर्मी सचिवों ने काम करना मुनासिब नहीं समझा।

### योजनाओं की प्रगति जीरो

निलंबन आदेश में केवल हेल्पलाइन ही नहीं, बल्कि विकास कार्यों में बरती गई भारी कोताही का भी उल्लेख है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए अनुमोदित लेबर बजट के अनुसार मानव दिवस सृजन में ये पंचायतें फिसड्डी रहीं। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण व जनमन) में लक्ष्य के विरुद्ध प्रगति शून्य पाई गई। मनरेगा के कार्यों में व्यापक लापरवाही बरती गई। हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने में सचिवों ने कोई रुचि नहीं दिखाई। शासन के नियमों का उल्लंघन और जनता के काम में बाधा डालने वाले किसी भी कर्मचारी को बख्शा नहीं जाएगा। यह निलंबन उन सभी के लिए चेतावनी है जो अपनी कुर्सी को जिम्मेदारी नहीं, बल्कि जागीर समझते हैं।

### प्रशासनिक गलियारों का कड़ा संदेश

जिला पंचायत सीईओ अभय सिंह ने मध्यप्रदेश पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम, 1999 की धारा 4(1) के तहत यह निलंबन आदेश जारी किया है। साथ ही इसे मध्यप्रदेश पंचायत सेवा (आचरण) नियम 1998 के उल्लंघन का गंभीर मामला माना है। निलंबन अवधि में दोनों सचिवों को नियमानुसार केवल जीवन निर्वाह भत्ता ही देय होगा। इस कार्रवाई ने स्पष्ट कर दिया है कि मार्च 2026 तक शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति के दबाव के बीच अब काम नहीं तो कुर्सी नहीं का फॉर्मूला लागू हो चुका है। अब देखना यह है कि इस कड़े एक्शन के बाद बाकी पंचायतों के सचिवों की कार्यप्रणाली में कितना सुधार आता है।

# बदहाल स्थिति में स्वास्थ्य सुविधाओं के लिये संचालित संजीवनी क्लीनिक



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।**

नगर के बाजार क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं के लिये संचालित संजीवनी क्लीनिक बदहाल स्थिति में है। बिना डॉक्टर के संचालित होने से मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। अस्पताल आने वाले मरीज घंटों डॉक्टर की प्रतीक्षा में बैठते है और निराश होकर लौट जाते हैं। संजीवनी क्लिनिक का उद्देश्य था बाजार एवं ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले लोगों को सामान्य उपचार के लिए सुविधा देना लेकिन 1 साल से ज्यादा समय के बाद भी डॉक्टर की पदस्थापना ही नहीं हो सकीं। क्षेत्र की जनता स्वास्थ्य सेवा के नाम से अपने आप को ठगा महसूस कर रही हैं। 22 लाख रुपए खर्च कर क्लिनिक खोला गया जिसकी जमकर वाहवाही भी बटोरी गई। लेकिन आज तक डॉक्टर ना होने की सुध किसी जनप्रतिनिधि द्वारा नहीं ली गई। तीन दिनों पूर्व मंत्री द्वारा परिसर में आगमन के दौरान वार्डवासियों द्वारा डॉक्टर ना होने को लेकर अवगत कराया गया था। स्वास्थ विभाग के द्वारा एक दो कर्मचारियों की ड्यूटी लगाते हुए अपना कोरम पूरा किया जा रहा है। कभी कभार डॉक्टरों की ड्यूटी लगाई भी जाती है।

### लटका रहता है ताला

स्वास्थ्य विभाग के द्वारा पूछे जाने पर कर्मचारियों की कमी बताई जाती है। सुबह वार्डबॉय के द्वारा 10 बजे गेट खोलने के बाद दोपहर 1 बजे के लगभग ताला बंद कर चले जाते हैं। क्लीनिक का संचालन ना होने के कारण लोगों के द्वारा अपने वाहनों को खड़ा कर पार्किंग बना दिया गया हैं। सर्वविदित है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा में डॉक्टरों की कमी वर्षों से बनी हुई है। जिले के सबसे बड़े नगर कोतमा में एक भी विशेषज्ञ डॉक्टर नहीं है। जिससे मरीजो को बाहर जाकर महंगा इलाज कराने की विवशता रहती है। डॉक्टरों को अटैच करके खानापूर्ति की जा रही है। अस्पताल की कार्यप्रणाली को लेकर लगातार जनता में नाराजगी देखी जा रही है। संजीवनी क्लीनिक में वार्डबॉय झूरहू बैगा की ड्यूटी लगाई गई है लेकिन चार दिन से उसका भी पता नहीं है 12 फरवरी को हाजिरी लगाकर चला गया है। पयारी मे पदस्थ सेक्टर सुपरवाइजर यादवेंद्र प्रसाद मिश्रा को अटैच कर ड्यूटी लगाई गई है। डेटा आपरेटर चांदनी पाण्डेय की ड्यूटी संजीवनी क्लीनिक मे लगाई है जो मात्र अस्पताल खोलने एवं बंद करने का काम कर रहे हैं।

फरवरी मे संजीवनी क्लीनिक मे डाक्टरों की ड्यूटी का रोस्टर ही नही बनाया गया जिसके कारण डाक्टर की ड्यूटी का पता नही लग पाता है। कोतमा संजीवनी क्लीनिक में किसी डॉक्टर की पोस्टिंग नहीं की गई है। जिस कारण डॉक्टर की ड्यूटी नहीं लग पाती है। समय समय पर पत्राचार किया जाता है। पूर्व ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मनोज सोनी ने बताया कि संजीवनी क्लीनिक का बाजार मे प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधा के उद्देश्य से संचालित किया गया था लेकिन डाक्टरों की पदस्थापना नहीं होने के कारण संजीवनी क्लिनिक का लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है। पहले से ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डॉक्टरों की कमी से जूझ रहा है और उसके बाद संजीवनी क्लिनिक संचालित करवा दी गई है इस संबंध में मंत्री के आगमन पर जानकारी भी दी गई है डॉक्टरों की कमी को लेकर। समाजसेवी राजकमल तिवारी का कहना है कि 22 लाख रुपए की लागत से संजीवनी क्लिनिक तो संचालित करवा दिया गया लेकिन डॉक्टरों की पद स्थापना नहीं होने के कारण संजीवनी क्लिनिक नाम के लिए है डॉक्टर की सुविधा नहीं मिलने से मरीजों को वापस जाना पड़ता है। संजीवनी परिसर में लोगों के द्वारा अपने वाहन खड़ा करते हुए पार्किंग का अड्डा बना दिया गया है ।



## जमुना कॉलरी में दीवार लेखन से जल संरक्षण का संदेश, छात्रों ने जगाई जन-जागरूकता

**हरिभूमि न्यूज बदरा/जमुना।**

जल संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से बुधवार को जमुना कॉलरी क्षेत्र में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम (सीएमसीएलडीपी) अंतर्गत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के नेतृत्व में दीवार लेखन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान परामर्शदाताओं एवं छात्रों ने कॉलरी क्षेत्र की दीवारों पर प्रेरक संदेश लिखकर लोगों को पानी के महत्व से अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने "पानी नहीं तो पियोगे क्या, बिना पानी जियोगे क्या" जैसे प्रभावशाली संदेश लिखकर राहगीरों का ध्यान आकर्षित किया। इन संदेशों के माध्यम से जल संरक्षण की आवश्यकता और पानी बचाने के महत्व को सरल एवं प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। दीवार लेखन से क्षेत्र में आने-जाने वाले लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर उपस्थित परामर्शदाताओं ने कहा कि जल ही जीवन का आधार है और वर्तमान समय में जल संरक्षण सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुका है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे पानी का सदुपयोग करें और जल स्रोतों को सुरक्षित रखने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। कार्यक्रम में बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू के विद्यार्थियों सहित स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई और जल संरक्षण का संकल्प लिया। इस गतिविधि में परामर्शदाता शिवानी सिंह, शारदा चौरसिया, सीएमसीएलडीपी छात्र पारस मुखर्जी, अंजली जायसवाल, सुनीता चौधरी, मालती वर्मा एवं अन्य स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे कार्यक्रम के माध्यम से क्षेत्र में जल संरक्षण के प्रति सकारात्मक संदेश प्रसारित हुआ और लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

# जल्द पुलिया एवं सड़क निर्माण करवाये जाने की मांग

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।**

जनपद पंचायत कोतमा अंतर्गत ग्राम पंचायत भाटाडांड से डोगरिया गांव जाने का मार्ग में पुलिया नहीं होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन करने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। सबसे ज्यादा परेशानी बारिश के दिनों में होती है जब नाले में पानी भर जाता है और लोग जान जोखिम में डालकर पुल को पार करते हैं। ग्रामीणों के द्वारा पुलिया बनाए जाने को लेकर जनपद पंचायत से लेकर मंत्री दिलीप जायसवाल के पास भी गुहार लगाई लेकिन आज तक उनकी गुहार किसी ने नहीं सुनी ग्रामीणों का कहना है कि हमें यह आस था की अब हमारे क्षेत्र से



सरकार में मंत्री बैठ गए हैं और इस क्षेत्र का आप विकास होगा लेकिन विकास होता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है। ग्रामीणो ने बताया कि मुख्यमंत्री मोहन यादव के जिला आगमन पर घोषणा की गई थी कि डोगरियां से कोरेया तक पुलिया एवं सड़क निर्माण कार्य करवाया जायेगा लेकिन अभी तक घोषणा पर अमल नही किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि यह मार्ग डोगरिया कोरया भाटाडांड कोठी होते हुए सीतामढ़ी पिकनिक स्पाट तक जाने वाला मार्ग है लेकिन पुलिया एवं सड़क निर्माण न होने के कारण खतरों भरे रास्तों से लोग आवागमन करने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने जिला के अधिकारियों से जल्द पुलिया एवं सड़क निर्माण करवाये जाने की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### मेधावी विद्यार्थियों का 23 फरवरी को होगा सम्मान

**कटनी।** रजक समाज जनजागृति विकास समिति की बैठक गत दिवस समिति अध्यक्ष श्यामलाल रजक की अध्यक्षता में आयोजित की गई। सचिव भारत रजक ने बताया कि ननि ऑडिटोरियम बस स्टैण्ड कटनी में आयोजित कार्यक्रम में समाज को एकत्रित कर सामाजिक कुरूतियों को दूर करने के प्रयास किये जाने संबंधित विचार-विमर्श किये जावेंगे। साथ ही छात्र-छात्रा प्रतिभा सम्मान, युवक-युवती परिचय सम्मेलन, वरिष्ठ जनों का सम्मान 23 फरवरी को संत गाडगे जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किया जावेगा।

### रास्ता रोक कर युवक के साथ की मारपीट

**कटनी।** कुठला क्षेत्र के पहरूआ में एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार फरियादी सौरभ प्रजापति 28 वर्ष निवासी साईं मंदिर के पीछे कुठला जब पहरूआ शराब दुकान के सामने मेन रोड से गुजर रहा था, तभी आरोपित जोलू उर्फ धर्मेन्द्र चौधरी निवासी ने रास्ता रोककर उसकी कॉलर पकड़ी और गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोपित ने युवक के साथ मारपीट की और उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मामला पंजीबद्ध किया है।

### भगवान श्री कृष्ण का जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया



**सिलौंडी।** ग्राम घाना में चल रही श्रीमद भागवत में मंहत सीताराम शरण महाराज लोढ़ा पहाड़ वालों ने बताया कि भगवान श्री कृष्ण के जन्म के पहले मामा कंस ने उनके माता पिता पर बहुत अत्याचार किया उनके सात भाई को मार डाला ।भगवान का जन्म कंस की जेल में हुआ ।भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव बहुत बहुत धूमधाम मनाया गया ।सरपंच अनिल सिंह बागरी,सतेंद्र राय ,निखिल शुक्ला ने कथावाचक का सम्मान कर उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान लखन शुक्ला,अनूप दुबे ,नीरज राय ,सैयद अहमद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### चिन्हित बस स्टैंड पर ही खड़ी होंगी बसें, वरना होगी कार्यवाही



**उमरियापान।** उमरियापान में अब बसें केवल चिन्हित बस स्टैंड परिसर में ही खड़ी होंगी, सड़कों पर नहीं। सड़कों पर बसों के खड़े होने से बनने वाली जाम की समस्या पर पुलिस ने सख्ती दिखाई।
उमरियापान के नवागत थाना प्रभारी महेन्द्र जायसवाल की पहल के बाद यातायात व्यवस्था में सुधार आ रहा है। थाना प्रभारी ने पहले दिन बस एवं अन्य बड़े वाहन चालकों को समझाइश दी और स्पष्ट कहा कि सड़कों पर बस खड़ी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। उप निरीक्षक महेन्द्र जायसवाल ने उमरियापान थाना का पदभार संभालने के बाद स्थानीय नागरिकों के साथ बैठक कर क्षेत्र की समस्याएं सुनीं। बैठक में नागरिकों ने बस स्टैंड क्षेत्र में प्रतिदिन लगने वाले जाम की समस्या प्रमुखता से उठाई। लोगों ने बताया कि बस स्टैंड परिसर के बाहर सड़कों पर बसों का खड़ा होना और दुकानों के सामने अवैध अतिक्रमण के कारण यातायात बाधित होता है और आमजन को भारी परेशानी उठानी पड़ती है।
जिसके बाद थाना प्रभारी ने मौके पर निरीक्षण किया और बस चालकों को सख्त निर्देश दिए कि वे अपनी बसें निर्धारित बस स्टैंड परिसर के अंदर ही खड़ी करें। साथ ही बस स्टैंड परिसर एवं सड़क किनारे किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की।

# ऐतिहासिक शोभायात्राः 35 जिनालयों के साथ बुढार में 'शांतिनाथ प्रभु' का मंगल आगमन







**बुढार । लंबे समय की प्रतीक्षा और अटूट श्रद्धा के बाद, बुधवार को नगर एक अभूतपूर्व आध्यात्मिक वैभव का साक्षी बना। जैन धर्म के 16वें तीर्थंकर 1008 श्री शांतिनाथ प्रभु सहित कुल 35 जिन प्रतिमाओं का नगर में भव्य मंगल आगमन हुआ।**
यह बुढार के इतिहास में वाकई एक स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाने वाला दिन है! 16वें तीर्थंकर भगवान शांतिनाथ जी का आगमन और एक साथ 35 रथों की वह भव्यता... कल्पना मात्र से ही मन भक्तिमय हो जाता है।

### नगर भ्रमण और भव्य स्वागत

शोभायात्रा का आरंभ कॉलेज तिराहा स्थित श्री वासुपूज्य जिनालय से हुआ। अद्वितीय दृश्यः नगर के इतिहास में पहली बार एक साथ 35 सुसज्जित वाहनों (रथों) पर प्रतिमाएं विराजमान थीं।मार्गः कॉलेज तिराहा, हॉस्पिटल रोड, मुरलिया बैग रोड, नगर पंचायत चौक, रेलवे ब्रिज, अमलाई चौक ,कोतमा रोड दीनदयाल चौक, मेन रोड, प्राचीन बड़ा जैन मंदिर (महावीर मार्ग) नवीन जिनालय।
**सजावटः** पूरे नगर को वधु की भांति सजाया गया था। जगह-जगह रंगोली और तोरण द्वार बनाए गए थे। श्रद्धालुओं ने अपने घरों के बाहर 'श्री जी' की आरती उतारी और मिठाई व फल वितरित किए।
आगामी कार्यक्रमः प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव
यह भव्य आगमन आगामी पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव की पूर्व संध्या जैसा रहा।
**आयोजन तिथिः** 25 फरवरी 2026 से 2 मार्च 2026 तक।
**स्थानः** स्थानीय रेस्ट हाउस के समीप स्थित मैदान/प्रांगण।विशेष आकर्षणः प्रसिद्ध दिगंबर जैन मुनि श्री 108 प्रमाण सागर जी महाराज ससंघ 22 फरवरी तक बुढार की धरा पर पद विहार करते हुए पहुंचेंगे। नगरवासियों का उत्साह और भक्ति भाव देखते ही बन रहा था। यह आयोजन न केवल जैन समाज बल्कि पूरे बुढार नगर के लिए एक गौरवशाली उत्सव बनेगा।

# सर्वदलीय रेल यात्री सुविधा संघर्ष समिति बुढ़ार-धनपुरी का सर्व सम्मति से किया गया गठन - मनोज जैन चुनें गये अध्यक्ष



**बुढ़ार।** सर्वदलीय रेल यात्री सुविधा संघर्ष समिति बुढार - धनपुरी की बैठक अहिंसा भवन में आहुत की गई। जिसमें सर्व सम्मति से मनोज कुमार जैन को अध्यक्ष चुना गया। तथा कार्यकारणी का गठन किया गया।सर्वदलीय रेल यात्री सुविधा संघर्ष समिति बुढार - धनपुरी की आहुत बैठक की अध्यक्षता रोहणी प्रसाद गर्ग ने की, और समाजसेवी पदम सिंघानिया, उग्रभान अवस्थी, शरद गुप्ता विशिष्ट रूप से एवं उपस्थित रहे।बैठक में उपस्थित नागरिकों ने रेल यात्रियों की समस्याओं एवं सुविधाओं को लेकर अपने सुझाव रखे, वहीं समिति के संयोजक रोहणी प्रसाद गर्ग ने संगठन को सक्रिय एवं सशक्त बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने अध्यक्ष पद हेतु एक लंबे समय से सक्रिय पूर्व पार्षद मनोज कुमार जैन का नाम प्रस्तावित किया, जिसका उपस्थित जनों ने करतल ध्वनि के स्वागत किया। उसके उपरांत नव-नियुक्त अध्यक्ष का पुष्पहार से स्वागत किया गया। इस अवसर पर - समाजसेवी पदम सिंघानिया ने सर्वदलीय रेल यात्री सुविधा संघर्ष समिति संगठन की एकता और सक्रियता पर जोर दिया। वहीं शरद गुप्ता ने रोहणी प्रसाद गर्ग जो समाजसेवा तथा रेल यात्री सुविधाओं के विस्तार की दिशा में तत्पर रहें हैं की सराहना करते हुये उनके रचनात्मक प्रयास के प्रति आभार व्यक्त जताया। बैठक में हाजी नुरुल्ला रंगरेज ने समिति के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुये नवनियुक्त अध्यक्ष मनोज जैन को शुभकामना दी।इस अवसर पर - समिति ने रेल यात्रियों की सुविधाओं, ट्रेनों के ठहराव एवं अन्य मांगों को लेकर संघर्ष को और अधिक प्रभावी बनाने का संकल्प लिया। तदउपरांत बैठक में नवीन सर्वदलीय रेल यात्री सुविधा संघर्ष समिति बुढार - धनपुरी कार्यकारिणी की विधिवत गठन की गई जिसमें - संरक्षक मंडल में पदम सिंघानिया, शरद गुप्ता, हाजी नुरुल्ला रंगरेज एवं प्रकाश सिंह को सम्मिलित किया गया तथा मनोज कुमार जैन को अध्यक्ष, रोहणी प्रसाद गर्ग को संयोजक, रतन सोनी को कार्यवाहक अध्यक्ष एवं उग्रवान अवस्थी को महामंत्री पद का दायित्व प्रदान किया गया। तथा हनुमान खंडेलवाल (धनपुरी), दिलीप जैन, सनाउल्ला खान को (उपाध्यक्ष), पवन सोनी (सचिव), सौरभ जैन (सहसचिव), मनीष चमड़िया (कोषाध्यक्ष), अभिषेक पटवारी (सह-कोषाध्यक्ष), शिवेन्द्र द्विवेदी, बिहारीलाल साहू, प्रशांत जैन (प्रवक्ता), एवं एड. अरुण शर्मा, एड. सतेन्द्र शुक्ला (कानूनी सलाहकार), मोहनलाल नामदेव एवं नीरज शर्मा (मीडिया प्रभारी) का दायित्व प्रदान किया गया। आहुत बैठक का संचालन पवन सोनी ने किया तथा रतन सोनी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय बुढार के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन



**बुढार।** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय बुढार के राष्ट्रीय सेवा योजना पुरुष एवं महिला इकाई द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें स्वयंसेवकों ने पीड़ति मानवता की सेवा में हाथ बढ़ातें हुये रक्तदान किया।शहीद भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव जी के 94 वीं शहादत दिवस पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय बुढार की प्राचार्य डॉ. श्रीमती गंगा मिश्रा के दिशा-निर्देशन पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया और जिला चिकित्सालय शहडोल के ब्लड बैंक हेतु महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने 32 यूनिट रक्तदान देकर पीड़ति मानवता की सेवा में अनुपमेय उदाहरण जनमानस के समक्ष प्रस्तुत किया। राष्ट्रीय सेवा योजना समाज सेवा के माध्यम से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में तत्पर के जिला संगठक डॉ. ए. के. उपाध्याय एवं डॉ. एन. मानिकपुरी के मार्गदर्शन एवं एन. एस. एस. के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आर. एस. नापित के तत्परता एवं उनकी सक्रिय भागीदारी से रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया।रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर उनका भरपूर उत्साह वर्धन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहाकि - ₹रक्तदान जीवनदान है, हमने रक्त दिया आप भी रक्त देकर पीड़ति मानवता की सेवा में हाथ बढ़ायें।₹ रक्तदान शिविर में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों व विभागीय जनों तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता निभाई।



# बुढार में लीनेस क्लब का स्वास्थ्य जागरूकता अभियान

### बच्चों को स्वच्छता, पोषण और व्यायाम के प्रति किया गया प्रेरित

**धनपुरी।** शासकीय प्राथमिक पाठशाला मोहार टोला में लीनेस क्लब द्वारा एक विशेष स्वास्थ्य जागरूकता अभियान का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को स्वास्थ्य, स्वच्छता, संतुलित आहार और नियमित व्यायाम के प्रति जागरूक करना था, ताकि वे बचपन से ही अच्छी आदतें अपनाकर स्वस्थ जीवन की ओर अग्रसर हो सकें। कार्यक्रम के दौरान स्नेह लता गुप्ता ने बच्चों को सरल एवं प्रेरणादायक शब्दों में स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान कीं। उन्होंने बताया कि नियमित व्यायाम, संतुलित आहार, समय पर भोजन, पर्याप्त नींद तथा व्यक्तिगत साफ-सफाई स्वस्थ जीवन की आधारशिला हैं। बच्चों को हाथ धोने की सही विधि, दांतों की नियमित सफाई, स्वच्छ वस्त्र पहनने तथा नाखूनों को साफ रखने के महत्व के बारे में विस्तार से समझाया गया। इस अवसर पर लीनेस क्लब द्वारा बच्चों को पेस्ट, साबुन, नैपकिन, ब्रश एवं एंटीसेप्टिक क्रीम वितरित की गई, ताकि वे व्यक्तिगत स्वच्छता का नियमित पालन कर सकें। साथ ही बच्चों को सेब, केला, मुरमुरा एवं भुना हुआ चना प्रदान कर पौष्टिक आहार के महत्व से अवगत कराया गया। बच्चों को बताया गया कि इन खाद्य पदार्थों में विटामिन, मिनरल्स एवं प्रोटीन प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं, जो शरीर की वृद्धि और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सहायक होते हैं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सदस्यों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें स्वच्छ एवं स्वस्थ रहने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर शैला गुप्ता, अंजू दुआ, अर्चना ओझा, आरती खनूजा, प्रतिमा जैन, साधना अग्रवाल, स्नेह लता गुप्ता एवं मीनू गुप्ता सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। लीनेस क्लब के इस सराहनीय प्रयास से विद्यालय के बच्चों में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति सकारात्मक जागरूकता विकसित हुई। विद्यालय परिवार ने इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की अपेक्षा व्यक्त की।

# एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र में बड़ी प्रशासनिक पहलः 24 कर्मचारियों को पदोन्नति, वेतनमान में उल्लेखनीय वृद्धि

**धनपुरी ।** कोल उद्योग की अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी South Eastern Coalfields Limited (एसईसीएल) के सोहागपुर क्षेत्र में 16 फरवरी 2026 को जारी कार्यालय आदेश के तहत 24 कर्मचारियों को उच्च पदों पर पदोन्नत किया गया है। स्वीकृत मेनपावर बजट 2025-26 के अंतर्गत प्राप्त रिक्तियों एवं विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंसा पर यह निर्णय तत्काल प्रभाव से लागू किया गया।
इस सामूहिक पदोन्नति को क्षेत्रीय प्रशासन की सक्रियता और लंबित मामलों के त्वरित निराकरण के रूप में देखा जा रहा है।
13 लिपिक बने ग्रेड-I
कार्यालय आदेश के अनुसार 13 कर्मचारियों को Clerk Grade-II से Clerk Grade-I में पदोन्नत किया गया है। इन्हें रा.को.वे.स-11 के तहत 47,330.25 रुपए प्रतिमाह का वेतनमान स्वीकृत किया गया है।
पदोन्नत कर्मचारियों में मुकेश कुमार सिंह, पवन शुक्ला, नागोत्तम साहू, वीरन राजभर, शशिकांत विश्वकर्मा, राजेंद्र वर्मा, महेंद्र प्रताप सिंह, पुष्पेंद्र, नारायण, अशोक कुमार, टी.के. चौधरी, अनिल कुमार साहू एवं पितांबर लाल शामिल हैं। ये कर्मचारी बुढ़ार शारदा, बटुरा, धनपुरी ओसीएम, अमलाई ओसीएम, बंगवार यूजी एवं खैरहा इकाइयों में पदस्थ हैं।
11 सीनियर ओवरमैन ग्रेड-A1 में पदोन्नत
खनन उत्पादन एवं सुरक्षा प्रबंधन से जुड़े 11 कर्मचारियों को



Sr. Overman T&S Grade-A से Grade-A1 में पदोन्नत किया गया है। इन्हें 71,030.56 रुपए प्रतिमाह का वेतनमान प्रदान किया गया है।
पदोन्नत कर्मचारियों में राकेश कुमार, विजय कुमार, आफताब आलम, नागेंद्र प्रसाद तिवारी, धर्मेश कुमार गुप्ता, राम तिलक, मुकेश कुमार राय, अजीत कुमार शुक्ला, इमरान हुसैन, प्रितेश टिग्गा एवं अमित कुमार पाल शामिल हैं।

### छह माह की परिवीक्षा और सख्त शर्तें

जारी आदेश के अनुसार सभी पदोन्नत कर्मचारी आगामी आदेश तक अपने वर्तमान पदस्थापना स्थल पर ही कार्य करेंगे। सभी को छह माह की परिवीक्षा अवधि में रखा गया है। कार्य संतोषजनक नहीं पाए जाने पर परिवीक्षा अवधि बढ़ाई जा सकती है या मूल पद पर वापस किया जा सकता है। दस्तावेजों में किसी भी प्रकार की विसंगति पाए जाने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए पदोन्नति निरस्त की जा सकती है।

### हिन्द मजदूर सभा ने जताई प्रसन्नता

पदोन्नति आदेश जारी होने के बाद श्रमिक संगठनों ने भी संतोष व्यक्त किया है। Hind Mazdoor Sabha (एचएमएस) के सोहागपुर क्षेत्रीय प्रतिनिधि एस.एन. मिश्रा ने क्षेत्रीय स्तर से हुई इन पदोन्नतियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि लंबे समय से पदोन्नति की प्रतीक्षा कर रहे श्रमिकों को न्याय मिला है। उन्होंने प्रबंधन का आभार जताते हुए कहा कि पारदर्शी प्रक्रिया से हुए इस निर्णय से कर्मचारियों का मनोबल बढ़ेगा और उत्पादन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।
सोहागपुर क्षेत्र की अमलाई, बटुरा, बंगवार, दामनी, खैरहा, धनपुरी एवं बुढ़ार इकाइयों में एक साथ बड़ी संख्या में हुई पदोन्नतियों से उत्साह का माहौल है। कर्मचारियों का मानना है कि समयबद्ध पदोन्नति से न केवल कार्यक्षमता बढ़ती है बल्कि संगठन में सकारात्मक कार्यसंस्कृति भी विकसित होती है।
सोहागपुर क्षेत्र में जारी यह पदोन्नति आदेश प्रशासनिक मजबूती और श्रमिक संतुष्टि की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# उत्कृष्ट कार्य एवं विभिन्न कार्यक्रमों के विजेता प्रतिभागियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

**शासकीय महाविद्यालय बरही में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. के. त्रिपाठी की अध्यक्षता एवं सांस्कृतिक प्रभारी सौरभ तिवारी के संयोजकत्व में शैक्षणिक सत्र 2025–26 का वार्षिक स्नेह सम्मेलन कलरव 2026 अत्यंत सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में यश पाठक की उपस्थिति रही। वहीं विशिष्ट अतिथियों के रूप में पीयूष अग्रवाल, श्रीमती सुधा जायसवाल, सतीश नारायण तिवारी एवं जगदीश गुप्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय के स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं द्वारा ढोल-ताशों के



साथ मुख्य अतिथि का अत्यंत आत्मीय एवं भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय परंपरा के अनुरूप विद्या की देवी मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात सभी मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का पुष्प गुच्छ, साल, श्रीफल देकर एवं बैच लगाकर सम्मान किया गया।

इस अवसर पर बरही नगर परिषद के पार्षद संतोष द्विवेदी, प्रवीण त्रिवेदी, ए. पी. श्रीवास्तव, कैलाश कचेर, नंदू गुप्ता, राहुल राज सोनी, अभय पाठक और मातृ शक्ति किरण ठाकुर सहित, नगर के गणमान्य नागरिक, पत्रकार बंधु एवं प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विशिष्ट अतिथियों द्वारा अपने सारगर्भित एवं प्रेरणादायी वक्तव्यों से छात्र-छात्राओं को नवीन ज्ञान एवं सकारात्मक दृष्टिकोण प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि यश पाठक ने भारत माता की जय के उद्घोष के साथ अपना वक्तव्य आरंभ किया तथा महाविद्यालय की प्रगति एवं क्षेत्र के युवाओं की शैक्षणिक उन्नति को लेकर अपने उत्साहपूर्ण विचार व्यक्त किए। उन्होंने आश्वस्त किया कि क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने हेतु निरंतर प्रयास किए जाएंगे।

कार्यक्रम की अगली कड़ी में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिनकी उपस्थित जनसमूह द्वारा सराहना की गई। तत्पश्चात मुख्य एवं अतिथियों द्वारा प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

## खबर संक्षेप



### लंबे इंतजार के बाद अनूपपुर मंडल अध्यक्ष की घोषणा, ब्रजेश चतुर्वेदी को मिली जिम्मेदारी

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** भारतीय जनता पार्टी संगठन में लंबे समय से प्रतीक्षित अनूपपुर मंडल अध्यक्ष पद की घोषणा आखिरकार हो गई है। भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश द्वारा जारी आदेश के अनुसार विधानसभा अनूपपुर अंतर्गत अनूपपुर मंडल की कमान अब ब्रजेश चतुर्वेदी को सौंपी गई है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है, जिससे संगठनात्मक गतिविधियों में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है। प्रदेश संगठन की ओर से जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यह नियुक्ति पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को और मजबूत करने के उद्देश्य से की गई है। आदेश प्रदेश कार्यालय मंत्री श्याम महाजन द्वारा जारी किया गया, जिसकी प्रति जिला अध्यक्ष सहित संबंधित पदाधिकारियों को प्रेषित की गई है। आदेश के सामने आते ही पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। पिछले कई महीनों से मंडल अध्यक्ष पद को लेकर चर्चाएं चल रही थीं। ऐसे में ब्रजेश चतुर्वेदी के नाम पर मुहर लगने के बाद कार्यकर्ताओं ने राहत की सांस ली है। कार्यकर्ताओं का मानना है कि नए नेतृत्व में संगठन को नई दिशा और ऊर्जा मिलेगी। पार्टी कार्यालयों और सोशल मीडिया पर बधाइयों का सिलसिला लगातार जारी है। नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष ब्रजेश चतुर्वेदी को क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई और शुभकामनाएं दीं। कई कार्यकर्ताओं ने इसे संगठन के लिए सकारात्मक कदम बताया और कहा कि इससे जमीनी स्तर पर पार्टी और अधिक मजबूत होगी। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों, जनसंपर्क अभियानों और चुनावी तैयारियों को देखते हुए यह नियुक्ति काफी अहम मानी जा रही है। अनूपपुर मंडल में नए अध्यक्ष के नेतृत्व में पार्टी की गतिविधियों में सक्रियता बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है।

### कलेक्टर ने ग्राम जमुड़ी में किसान फॉर्मर रजिस्ट्री कार्य का किया निरीक्षण



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने आज जमुड़ी ग्राम पंचायत कार्यालय का निरीक्षण कर किसानों के फॉर्मर रजिस्ट्री कार्य की प्रगति का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने पेसा मोबिलाइजर के माध्यम से संचालित फॉर्मर रजिस्ट्री प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर श्री पंचोली ने ग्राम पंचायत सचिव से जानकारी ली कि पंचायत क्षेत्र में कुल कितने किसान हितग्राही हैं, जिनकी फॉर्मर रजिस्ट्री अपलोड की जानी शेष है। सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम पंचायत में कुल 513 किसान हितग्राही ऐसे हैं, जिनकी फॉर्मर रजिस्ट्री प्रविष्टि की जानी है। इस दौरान कलेक्टर ने अधीक्षक भू-अभिलेख एवं तहसीलदार को निर्देशित किया कि आगामी दो से तीन दिनों में विशेष अभियान संचालित कर अधिकाधिक किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण कराया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि पेसा मोबिलाइजर के लोकल यूथ के रूप में पंजीयन कर उन्हें रजिस्ट्री कार्य से जोड़ा जाए, जिससे कार्य में गति लाई जा सके तथा उन्हें रजिस्ट्रेशन का प्रोत्साहन राशि प्राप्त हो सके। कलेक्टर श्री पंचोली ने संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को शासन की योजनाओं का लाभ शीघ्र प्राप्त हो सके। इस दौरान अधीक्षक भू-अभिलेख प्रदीप मोगरे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जैतहरी के. के. रैकवार, नायब तहसीलदार फुनगा कौशलेंद्र मिश्रा सहित अन्य अधिकारी एवं संबंधित ग्राम पंचायत का अमला उपस्थित था।

## पुष्पराजगढ़ प्रभारी तहसीलदार संजय जाट निलंबित

# पटवारी हड़ताल की आग में झुलसा प्रशासन

**पत्रकारों से बदतमीजी पर नया बवाल**

अनूपपुर जिले में पटवारियों की हड़ताल ने प्रशासनिक व्यवस्था को पूरी तरह से पटरी से उतार दिया है। फार्मर रजिस्ट्री, सीमांकन, नामांतरण जैसे अहम राजस्व कार्य ठप हैं। इसी बीच पुष्पराजगढ़ के प्रभारी तहसीलदार संजय जाट को निलंबित कर दिया गया है। निलंबन के बाद तहसील कार्यालय में कवरेज करने पहुंचे पत्रकारों के साथ कथित बदतमीजी और कैमरा छिनने की कोशिश ने मामले को और संवेदनशील बना दिया है।

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।**

प्रदेश में फार्मर रजिस्ट्री का कार्य शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है, लेकिन अनूपपुर में हालात इसके उलट नजर आ रहे हैं। जनवरी 2026 का वेतन रोके जाने और मानसिक प्रताड़ना के आरोपों के चलते जिले के सभी पटवारी 12 फरवरी 2026 से हड़ताल पर हैं। इसका सीधा असर आम जनता पर पड़ रहा है। राजस्व विभाग की समीक्षा में जिले की स्थिति पहले ही कमजोर बताई जा चुकी है, बावजूद इसके जिम्मेदारी तय करने के बजाय





प्रशासनिक सख्ती ने असंतोष को और बढ़ाया है। जनसुनवाई के बाद हुई समीक्षा बैठक में विवाद चरम पर पहुंच गया, जिसका खामियाजा पुष्पराजगढ़ के प्रभारी तहसीलदार को निलंबन के रूप में भुगतना पड़ा है। दिलचस्प यह है कि जहां उनकी तहसील की प्रगति जिला औसत से बेहतर बताई जा रही है, वहीं उन्हें ही बलि का बकरा बना दिया गया है। पूरे घटनाक्रम ने प्रशासनिक कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### पटवारी हड़ताल की जड़ में वेतन और सम्मान का सवाल

पटवारी संघ का कहना है कि जनवरी 2026 का वेतन रोका जाना केवल आर्थिक संकट नहीं, बल्कि सम्मान पर सीधा प्रहार है। सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा और फार्मर रजिस्ट्री जैसे कार्य समय पर पूरे करने के बावजूद वेतन रोके जाने से पटवारियों में आक्रोश है। हड़ताल का असर यह हुआ कि गांव-गांव में राजस्व संबंधी समस्याएं अटक गईं है। आदिवासी अंचलों में हालात और गंभीर हैं, जहां जमीन से जुड़े दस्तावेज ही जीवन की सुरक्षा माने जाते हैं। प्रशासन की ओर से संवाद के बजाय दबाव की नीति अपनाने का आरोप लगाते हुए पटवारियों ने आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी है।

### समीक्षा बैठक में टकराव, बना निलंबन की वजह

मंगलवार को जनसुनवाई के बाद आयोजित राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में माहौल उस समय गर्मा गया जब पटवारी हड़ताल और विभागीय प्रगति पर तीखी बहस शुरू हो गई। सूत्रों के अनुसार, बैठक में फरवरी 2026 का वेतन रोकने का मौखिक आदेश दिए जाने से कुछ अधिकारी भड़क गए। आपसी तू-तू मैं-मैं के दौरान स्थिति बिगड़ती देख एटीएम स्तर के अधिकारी को बीच-बचाव करना पड़ा। इसी बैठक के बाद देर रात कार्रवाई करते हुए प्रभारी तहसीलदार संजय जाट को निलंबित कर दिया गया है। यह निर्णय प्रशासनिक पारदर्शिता पर सवाल खड़े करता है।

### आंकड़ों में आगे, फिर भी कार्रवाई

निलंबन आदेश में फार्मर रजिस्ट्री और आरसीएमएस में प्रगति कम होने का हवाला दिया गया है। आदेश के अनुसार पुष्पराजगढ़ तहसील में केवल 35.35 प्रतिशत कार्य हुआ है। लेकिन तुलनात्मक अध्ययन बताता है कि जिले की सभी तहसीलों का औसत मात्र 29 प्रतिशत है। ऐसे में सवाल उठता है कि जिले में अपेक्षाकृत बेहतर प्रदर्शन के बावजूद केवल पुष्पराजगढ़ के प्रभारी तहसीलदार पर ही कार्रवाई क्यों हुई। यह चयनात्मक कार्रवाई प्रशासनिक मंशा पर संदेह पैदा करती है और कर्मचारियों के मनोबल को तोड़ने वाली मानी जा रही है।

### पत्रकारों से बदसलूकी, लोकतंत्र पर हमला

निलंबन आदेश के बाद जब स्थानीय पत्रकार तहसील कार्यालय पुष्पराजगढ़ पहुंचे, तो वहां पदस्थ कंप्यूटर ऑपरेटर कैलाश त्रिपाठी द्वारा कवरेज कर रहे पत्रकारों से कथित रूप से बदतमीजी की गई। आरोप है कि उन्होंने कैमरा छिनने का भी प्रयास किया। इस घटना से पत्रकार समुदाय में रोष फैल गया है। मामले की शिकायत राजेंद्रग्राम थाना में दर्ज कराई गई है। पत्रकारों का कहना है कि प्रशासनिक निर्णयों की कवरेज करना उनका संवैधानिक अधिकार है और इस तरह की घटनाएं लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ हैं।

### जनता बेहाल, जिम्मेदार कौन?

हड़ताल और प्रशासनिक खींचतान के बीच सबसे ज्यादा परेशान अनूपपुर की आदिवासी और ग्रामीण जनता है। नामांतरण, सीमांकन, फार्मर रजिस्ट्री और सीएम हेल्पलाइन से जुड़ी शिकायतें लंबित पड़ी हैं। लोगों का कहना है कि राजस्व विभाग में अब ऐसा कोई जिम्मेदार अधिकारी नहीं बचा, जो उनकी समस्याएं सुने। प्रशासनिक सूत्र बताते हैं कि सीधे नियंत्रण और त्वरित दंडात्मक कार्रवाई से व्यवस्था सुधरने के बजाय और बिगड़ रही है। अब सवाल यह है कि इस अव्यवस्था की जिम्मेदारी कौन लेगा और आम जनता को राहत कब मिलेगी?

## शासकीय माध्यमिक कन्या बस्ती विद्यालय में विदाई समारोह सम्पन्न



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।**

शासकीय माध्यमिक कन्या बस्ती विद्यालय में 18 फरवरी को कक्षा 7 की छात्राओं द्वारा कक्षा 8 की छात्राओं के सम्मान में भावभीन विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उत्साह, भावनाएं और संस्कारों की अनुपम झलक देखने को मिली। विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था तथा छात्राओं ने गीत, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से वातावरण को भावुक एवं उल्लासपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पत्रकार चैतन्य मिश्रा उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में रेलवे मजदूर कांग्रेस के जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजय कुमार प्रसाद ने की। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं पारंपरिक अभिनंदन के साथ किया गया।

मुख्य अतिथि चैतन्य मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि "विद्यालय जीवन व्यक्तित्व निर्माण की सबसे महत्वपूर्ण आधारशिला है। अनुशासन, परिश्रम और संस्कारों को साथ लेकर आगे बढ़ें। शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे समाज और राष्ट्र का भविष्य उज्वल बनता है।" उन्होंने छात्राओं से आत्मविश्वास बनाए रखने और लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि लक्ष्मण राव ने कहा कि "आज की बालिकाएं कल की सशक्त नागरिक हैं। शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों को भी जीवन में उतारें। कठिनाइयों से घबराएं नहीं, बल्कि उन्हें सफलता की सीढ़ी बनाएं।" उन्होंने छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाध्यापक अजय कुमार प्रसाद ने कहा कि "विद्यालय परिवार को कक्षा 8 की छात्राओं पर गर्व है। आप जहां भी जाएं, इस विद्यालय के संस्कारों को अपने आचरण में बनाए रखें और नई ऊंचाइयों को प्राप्त करें।" उन्होंने कक्षा 7 की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत उत्कृष्ट कार्यक्रम की सराहना की। विदाई ले रही कक्षा 8 की छात्राओं ने विद्यालय में बिताए पलों को जीवन की अमूल्य धरोहर बताते हुए शिक्षकों के स्नेह और मार्गदर्शन के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने समाज एवं विद्यालय का नाम रोशन करने का संकल्प लिया। वहीं कक्षा 7 की छात्राओं ने कहा कि "दीदीयों का स्नेह और मार्गदर्शन हमें सदैव प्रेरित करेगा। हम उनके आदर्शों पर चलने का प्रयास करेंगे।" विदाई के क्षणों में कई छात्राएं भावुक हो उठीं। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद सुभाष पटेल एवं वार्ड क्रमांक 14 के पार्षद कंचन गजेंद्र सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता रमेश प्रजापति ने भी उपस्थित होकर छात्राओं को शुभकामनाएं दीं। विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिकाएं सरिता प्रजापति, शैल शर्मा, स्वाती राव एवं विद्या राठौर ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समारोह के अंत में सामूहिक प्रतिज्ञा के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ, जिसमें छात्राओं ने शिक्षा, संस्कार और परिश्रम के बल पर परिवार, समाज एवं विद्यालय का गौरव बढ़ाने का संकल्प लिया। इसके पश्चात सभी के लिए विशेष भोज की व्यवस्था की गई। विदाई समारोह ने विद्यालय परिसर में भावनात्मक, प्रेरणादायी और संस्कारमय वातावरण का सृजन किया।

## स्थानीय बेरोजगारों को प्राथमिकता देने को लेकर मंडल प्रबंधन को सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज चचाई।**

अमरकंटक ताप विद्युत गृह के आसपास के सैकड़ो की संख्या में रह रहे बेरोजगार ग्रामीण युवको स्थानीय ठेकेदारों व्यापारियों ने समाज सेवी जितेंद्र सिंह की अगुवाई में बुधवार को भारी संख्या में एकत्र हो मुख्यमंत्री, ऊर्जा मंत्री, अपर मुख्य सचिव, प्रबंध निदेशक, अनूपपुर कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक सहित अमरकंटक ताप विद्युत ग्रह के कार्यपालक निदेशक तनवीर अहमद को ज्ञापन देने पावर प्लांट के मुख्य गेट पर पहुंचे जहां ताप विद्युत गृह के कार्यपालक निदेशक तनवीर अहमद की ओर से ज्ञापन लेने कार्यपालन अभियंता अशोक खरे एवं अधीक्षण अभियंता मुख्यालय मनोज हरियान को सौपे। इस अवसर पर समाजसेवी जितेंद्र सिंह, केल्हौरी सरपंच रामपाल सिंह, उप सरपंच राम जी सोनी, व्यापारी संघ के लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता, ठेकेदारों में मनोज मिश्रा सहित स्थानीय सैकड़ो बेरोजगार युवा उपस्थित रहे।



### ज्ञापन की मुख्य मांगे

ताप विद्युत गृह में प्रारंभ होने वाले नई 660 मेगावाट सुपरक्रिटिकल यूनिट के निर्माण कार्य में स्थानीय श्रम वीरों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए, योग्य अनुभवी तकनीकी प्रशिक्षित डिप्लोमा डिग्री धारी आईटीआई प्रशिक्षण प्राप्त स्थानीय बेरोजगारों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए, स्थानीय ठेकेदारों को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर कार्य आवंटित किए जाएं, घुसपैठी आयातित बाहरी ठेकेदारों को निर्माण कार्य से दूर रखा जाए, स्थानीय व्यवसायियों को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर कार्य प्रदान किया जाए, श्रमिकों का शोषण बंद हो एवं उन्हें शासन द्वारा निर्धारित मानदेय प्रदान किया जाए।

### समाजसेवी जितेंद्र सिंह ने की अगवाई

समाजसेवी जितेंद्र सिंह ने सैकड़ो बेरोजगार युवाओं का प्रतिनिधित्व करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव, ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर द्वारा क्षेत्रीय जनता के बहुप्रतीक्षित मांग के आधार पर 660 मेगावाट यूनिट की स्थापना चचाई में बीएचईएल कंपनी को कार्य आदेश देकर क्षेत्रीय बेरोजगार श्रमिकों तथा ठेकेदारों को हर्षित एवं गौरवान्वित किया है ताप विद्युत गृह के आसपास के 20सो ग्रामों से जुड़ा है जो आदिवासी बाहुल्य है ये बेरोजगार युवा शिक्षित तकनीकी रूप से निपुण है किंतु विगत 5 वर्षों से आयातित घुसपैठी ठेकेदारों द्वारा स्थानीय श्रम वीरों को बाहर कर बेरोजगार किया साथ ही प्रबंधन से मिली भगत कर स्थानीय ठेकेदारों को कार्य से वंचित किया महिनो स्थानीय ठेकेदारों के आंदोलन के बाद भी बाहरी ठेकेदार जमे रहे जो सरासर अन्याय है।

### ज्ञापन को नजर अंदाज करने पर उग्र आंदोलन

स्थानीय बेरोजगार युवा, व्यापारी, स्थानीय ठेकेदारों ने उपरोक्त मांग पत्र तत्काल इस गंभीर विषय को यदि सर्वोच्च प्राथमिकता नहीं दी गई तो आने वाले समय में वैधानिक सूचना देकर आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे जिसकी संपूर्ण उत्तरदायित्व ताप विद्युत गृह के अधिकारियों व निर्माण एजेंसी की होगी।

## बाल विवाह निषेध एवं रोकथाम के संबंध में जागरूकता एवं ट्रेनिंग कार्यक्रम आयोजित



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।**

म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर श्रीमती माया विश्वलाल के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर द्वारा 18 फरवरी को जिला अनूपपुर के कलेक्ट्रेट कार्यालय में ऑगनवाडी कार्यकर्ता के मध्य बाल विवाह निषेध एवं रोकथाम के संबंध में जागरूकता एवं ट्रेनिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं महिला एवं बाल विकास अनूपपुर के समन्वय में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में ऑगनवाडी के कार्यकर्तागण ने भाग लिया। कार्यक्रम में उपस्थित जिला विधिक सहायता अधिकारी बृजेश पटैल ने बताया कि बाल विवाह एक दंडनीय अपराध है। उन्होंने बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के तहत बालिका की विवाह योग्य आयु 18 वर्ष तथा बालक की 21 वर्ष निर्धारित की गई है। उपस्थित ऑगनवाडी कार्यकर्ताओं को संभावित बाल विवाह के स्थान को चिन्हित करने हेतु निर्देशित किया गया तथा वहा पर जागरूकता शिविर लगाये जाने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर शपथ दिलाई गई कि कोई भी व्यक्ति बाल विवाह नहीं करेगा और न ही होने देगा। अंत में उपस्थित लोगों को हेल्पलाइन नंबर 15100 की जानकारी दी गई और बाल विवाह की सूचना तुरंत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं प्रशासन को देने का आग्रह किया गया। उक्त कार्यक्रम में कार्यालय कलेक्ट्रेट के अधिकारी एवं कर्मचारीगण व श्रीमती मंजूषा शर्मा सहायक निदेशक महिला एवं बाल विकास, आशोक कुमार त्रिपाठी स्थानीय कार्यक्रम अधिकारी एवं धर्मेन्द्र कुमार चौधरी तथा जैतहरी ब्लाक के विभिन्न ग्रामों की ऑगनवाडी कार्यकर्ता उपस्थित रहें।





## सही मार्गदर्शन से बच्चे कर सकते हैं बड़ा मुकाम हासिल-कलेक्टर

**अभिभावक और शिक्षक मिलकर निखारें बच्चों की प्रतिभा**

**कलेक्टर ने जिला स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित**

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।**

जिला शिक्षा केंद्र द्वारा जिला स्तरीय ओलंपियाड सम्मान समारोह का आयोजन आज कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जिला स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 32 विद्यार्थियों को सम्मानित किया। कलेक्टर द्वारा प्रतिभावान विद्यार्थियों को बैग, शील्ड, वाटर बॉटल, लंच बॉक्स, ज्योमेट्री बॉक्स एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इन विद्यार्थियों में कक्षा दूसरी से कक्षा आठवीं तक के छात्र-छात्राएं शामिल रहे। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि बच्चों के अंदर अपार क्षमता होती है और वे भविष्य में कुछ बड़ा एवं अच्छा कर सकते हैं। आवश्यकता केवल सही मार्गदर्शन, प्रोत्साहन और सहयोग की है। उन्होंने कहा कि अभिभावकों एवं शिक्षकों को विद्यार्थियों के अध्ययन एवं अध्यापन पर विशेष ध्यान देना चाहिए, ताकि उनकी प्रतिभा को उचित दिशा मिल सके। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जब भी आगे बढ़ने का अवसर मिले, तो घबराना नहीं चाहिए। अभिभावकों को भी चाहिए कि वे अपने बच्चों की शिक्षा और विकास पर निवेश करने तथा उन्हें बेहतर अवसर प्रदान करने में संकोच न करें। जिन विद्यार्थियों का प्रदर्शन ओलंपियाड जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट है, उनका भविष्य निश्चित रूप से उज्वल है। उचित मार्गदर्शन मिलने पर वे जीवन में उच्च मुकाम हासिल कर सकते हैं। कलेक्टर ने कहा कि शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ भी विद्यार्थियों को मिलना चाहिए। ओलंपियाड परीक्षाओं का उद्देश्य प्रारंभिक स्तर पर प्रतिभाशाली बच्चों की पहचान कर उन्हें आगे बढ़ने के लिए विशेष अवसर प्रदान करना है। उन्होंने अभिभावकों एवं शिक्षकों से आव्हान किया कि वे विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने के लिए वाद-विवाद, विज्ञान प्रदर्शनी, खेल-कूद, कला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसी गतिविधियों के माध्यम से निरंतर प्रयास करें।

### धुम्मा गोडरी नदी में रेत का अवैध खनन, प्रशासन की भूमिका पर उठे सवाल



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जिले के भालूमाड़ा थाना तथा फुनगा चौकी क्षेत्र अंतर्गत धुम्मा गोडरी नदी में इन दिनों अवैध रेत उत्खनन का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार एक-एक दिन छोड़कर लगातार रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक रेत माफिया सक्रिय रहते हैं और ट्रैक्टरों के माध्यम से नदी का दोहन किया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि रात भर ट्रैक्टर नदी से रेत निकालकर विभिन्न स्थानों तक पहुंचाते हैं। आरोप है कि स्थानीय पुलिस प्रशासन एवं खनिज विभाग की शिथिल कार्यप्रणाली के कारण रेत चोरों के हौसले बुलंद हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो नदी का अस्तित्व संकट में पड़ सकता है। बताया जा रहा है कि रेत माफिया प्रशासन से एक कदम आगे रहते हुए रणनीति के तहत काम करते हैं। नदी से मुख्य सड़क तक आने वाले तिराहों और रास्तों पर उनके लोग निगरानी में तैनात रहते हैं। किसी भी प्रकार की आशंका होते ही वे ट्रैक्टर लेकर मौके से फरार हो जाते हैं। स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि रात्रि गश्त बढ़ाई जाए और अवैध खनन पर तत्काल प्रभाव से सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

**CHANGE OF NAME**

I, RAVINDER KUMAR YADAV S/O LALJI YADAV R/O WARD NO-01, TARADAND, PO JAMUDI, DIST ANUPPUR, MADHYA PRADESH-484224 have changed the name of my minor daughter PRINCY YADAV aged 16 years and she shall hereafter be known as ARADHYA YADAV. It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.